## सार समाचार

### जेबकाटने वाले 5 गिरफ्तार, 27 मोबाइल बरामद

**नई दिल्ली।** स्पेशल स्टाफ टीम ने दक्षिणी दिल्ली जिले में बस में और बस स्टैंड पर जेबतराशी करने वाले गिरोह का राजफाश किया है। पुलिस ने गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है, जिनकी निशानदेही पर चोरी के 27 मोबाइल और ऑटो जब्त हुए हैं। आरोपितों की पहचान अमजद, शमशाद, रफीक, ललित व रिजवान के तौर पर हुई। सभी संगम विहार और बदरपुर इलाके के रहने वाले हैं। दक्षिणी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त अतुल कुमार ठाकुर ने बताया पिछले काफी दिनों से स्पेशल स्टाफ जेबतराशों के बारे में पता लगा रही थी।

विभिन्न बस स्टैंडों पर ऐसी वारदात करने वाले बदमाशों पर पुलिस नजर बनाए हुए थी। 24 अक्टूबर की रात पुलिस टीम को इस गिरोह के बारे में खबर मिली जिसके बाद इन सभी को महरौली बदरपुर रोड संगम विहार बस स्टैंड से पकड़ा गया।

आरोपितों ने पूछताछ में बताया वे किसी तय जगह पर पहले एकत्रित होते थे। इसके बाद गैंग के कुछ सदस्य भीड़भाड़ वाली बस में सवार होते, जबकि कुछ बस को फॉलो कर रहे होते थे। बस सवार बदमाश जेबतराशी करने के बाद चोरी के समान को ऑटो में सवार गैंग के सदस्यों को दे देते और फिर नए शिकार की तलाश में जुट जाते। सभी आरोपितों का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड पुलिस को मिला है। अभी तक की पूछताछ में पुलिस ने अठारह मामले सुलझा लेने का दावा किया है।

### निकिता हत्याकांड: हर दोषी को कड़ी सजा मिले: जावेद

**फरीदाबाद।** हरियाणा के बल्लभगढ़ में बीकॉम फाइनल ईयर की छात्रा निकिता तोमर की हत्या के पीछे लव जिहाद का मामला होने से मुख्य आरोपी तौसिफ के परिवार ने इनकार किया है। हालांकि, उन्होंने दोषी को कड़ी सजा देने की बात कही है।मुख्य आरोपी तौसिफ के चाचा और बसपा नेता जावेद ने एक न्यूज चैनल से बात करते हुए कहा कि इस घटना में लव जिहाद का कोई भी मामला नहीं है, लेकिन जो भी दोषी है उसे कानून के अनुसार कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए, क्योंकि गलत काम करने वाला किसी का बेटा नहीं होता, वो सिर्फ एक अपराधी होता है। उन्होंने कहा कि लव जिहाद या धर्म परिवर्तन ऐसी बातें वो लोग कर रहे हैं जिन्हें धर्म के बारे में कुछ पता नहीं है।

बसपा नेता ने कहा कि वो उस परिवार से संबंध रखते हैं जहां हिंदू भाइयों का ज्यादा सहयोग रहता है। उनका परिवार सारे धर्मों की इज्जत करने वाला परिवार है। आज जो कुछ भी लोग कह रहे हैं वो सही है और उनमें गुस्सा है। मैं उन्हें गलत नहीं कह रहा।बता दें कि मुख्य आरोपी तौसिफ राजनीतिक रसूखदार परिवार से संबंध रखता है। तौसिफ के दादा कबीर अहमद विधायक रह चुके हैं, जबकि चाचा खुर्शीद अहमद हरियाणा के पूर्व मंत्री रहे हैं। वहीं, एक अन्य रिश्तेदार (रिश्ते में भाई) आफताब अहमद वर्तमान में कांग्रेस के नूंह (मेवात) से विधायक हैं। 21 वर्षीय तौसिफ फिजियो थेरेपिस्ट का कोर्स कर रहा है जोकि थर्ड ईयर में है। वारदात में शामिल दूसरा आरोपी रेहान निवासी रेवासन जिला नूंह का रहने वाला है और वह तौसिफ का दोस्त है।

### केजरीवाल सरकार की घोषणाएं जमीन पर लागू करने के लिए नहीं लाई जाती है: आदेश गुप्ता

**नई दिल्ली।** केजरीवाल सरकार द्वारा लगातार तीनों नगर निगम द्वारा बकाया फंड की मांग की उपेक्षा किए जाने के कारण नगर निगम कर्मचारी प्रभावित हो रहे हैं, क्योंकि फंड न होने के कारण उनका वेतन रुका हुआ है। इस संदर्भ में आज दिल्ली भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित किया। प्रेस वार्ता में प्रदेश मीडिया प्रमुख नवीन कुमार, विधायक व मुख्य प्रवक्ता अभय वर्मा एवं प्रवक्ता आदित्य झा उपस्थित थे। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने बताया कि आज तीनों महापौर ने उपराज्यपाल से मिलकर यह अनुरोध किया कि वह जल्द से जल्द दिल्ली सरकार से नगर निगम का बकाया फंड 13000 करोड़ रुपए दिलवाए ताकि नगर निगम कर्मचारियों को समय पर वेतन दिया जा सके और वह भी पर्व-त्यौहार को बेहतर ढंग से मना सके। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में जहां एक ओर सभी दिल्लीवासी अपने घरों में रह कर कोरोना से खुद को सुरक्षित रख रहे थे वहीं दूसरी ओर निगम के सफाईकर्मी, डॉक्टर स्वास्थ्यकर्मी एवं अन्य निगम कर्मचारियों ने अपने स्वास्थ्य की परवाह किए बगैर ही पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ कार्य किया, लेकिन दिल्ली सरकार उनका वेतन देने में आनाकानी कर रही है। नगर निगमों की आर्थिक स्थिति कमजोर होने पर यह दिल्ली सरकार का उत्तरदायित्व है कि वह निगम की वित्तीय सहायता करें लेकिन इसके उलट दिल्ली सरकार निगम कर्मियों से बदला ले रही है। आदेश गुप्ता ने कहा कि यह बहुत ही शर्मनाक है कि दिल्ली के लोगों और निगम कर्मियों का प्रतिनिधित्व करने वाले तीनों महापौर मुख्यमंत्री केजरीवाल के घर के बाहर जमीन पर बैठे रहे लेकिन केजरीवाल ने मिलने का समय नहीं दिया। इससे तो यही जाहिर है कि मुख्यमंत्री केजरीवाल में नैतिकता और शिष्टाचार की भी कमी हो गई है। वहीं रात में केजरीवाल सरकार के मंत्री सत्येंद्र जैन आए और जैसे तैसे यह आश्वासन दिया कि दिल्ली सरकार निगम का बकाया पैसा जारी करेगी, उम्मीद है वह इस आश्वासन को पूरा करेंगे।

# गंगल ने उत्तर रेलवे के नए महाप्रबंधक का कार्यभार संभाला

**नई दिल्ली** ■ एजेंसियां/डेस्क

आशुतोष गंगल ने बुधवार को उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इससे पहले गंगल, अतिरिक्त सदस्य (योजना), रेलवे बोर्ड के पद पर कार्यरत थे। आशुतोष गंगल, वर्ष 1985 में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैकेनिकल एंड इलैक्ट्रीकल इंजीनियर्स, जमालपुर (आईआरआईएमईई) से स्नातक हैं तथा इन्हें इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर, इंडिया से सेक्शन ए तथा बी में गोल्ड मैडल भी मिला है। इन्हें भारतीय रेल पर 35 वर्ष से अधिक समय तक विभिन्न पदों पर कार्य करने का अनुभव प्राप्त है।



आशुतोष गंगल पूर्व में पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर में प्रमुख यांत्रिक इंजीनियर, मध्य रेलवे, मुम्बई में वरिष्ठ उप महाप्रबंधक तथा मंडल रेल प्रबंधक, बडोदा के पदों को भी सुशोभित कर चुके हैं।आशुतोष गंगल ने कंटेनर कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड में लगभग 4 वर्ष तक प्रतिनियुक्ति पर भी कार्य किया है तथा इन्होंने इंटीग्रल कोच फैक्टरी, चैन्नई की फर्निशिंग डिविजन के मुख्य कारखाना इंजीनियर इंचार्ज का पद भी संभाला है ।

> ▸ आशुतोष गंगल को भारतीय रेल पर 35 वर्ष से अधिक समय तक विभिन्न पदों पर कार्य करने का अनुभव प्राप्त है।

इन्होंने रेलवे बोर्ड में रेलवे के लिए नेशनल इंफ्रास्ट्रक्चर पाईपलाइन प्रोजेक्ट हेतु समन्वयक के रूप में भी कार्य किया है। गंगल ने आईसीएफ, मध्य रेलवे तथा पश्चिम मध्य रेलवे में स्पोर्टस प्रमोशन एक्टिविटिज़ के लिए प्रेजिडेंट के रूप में भी अपनी बहुमूल्य सेवाओं का योगदान दिया है।

## श्रम कानून के विरोध में प्रदर्शन




**नई दिल्ली** ■ एजेंसियां/डेस्क

श्रम कानून के विरोध में श्रमिकों ने बुधवार को श्रम शक्ति भवन के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में दिल्ली के संगठित व असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों ने हिस्सा लिया। भारतीय मजदूर संघ दिल्ली प्रदेश की ओर से यह प्रदर्शन आयोजित किया गया था।

संघ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री बी. सुरेंद्रन का कहना था कि संसद में पारित श्रम कानूनों में अनेक मजदूर विरोधी प्रावधान हैं जिसका श्रमिक जगत पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। 300 से कम कर्मचारियों वाले संस्थान का मालिक कभी भी नौकरी से श्रमिक की छंटनी कर सकता है।

प्रदर्शन का संचालन कर रहे प्रदेश महामंत्री अनीश मिश्रा ने कहा कि श्रमिक संगठनों को कमजोर करने की नीयत से मजदूरों को हड़ताल से वंचित करने के प्रावधान कानून में किए गए हैं। 40 से कम मजदूर वाले उद्योगों को कारखाने की परिभाषा से दूर कर दिया गया है। इस कारण श्रमिकों को श्रम कानूनों का लाभ नहीं मिलेगा।

## शहर से 10 किलोमीटर दूर कार से डॉक्टर का जला हुआ शव मिला

**गुरुग्राम** ■ संवाददाता

गुरुग्राम शहर से करीब 10 किलोमीटर दूर सोहना रोड पर घमरोज गांव के पास बुधवार सुबह एक डॉक्टर का जला हुआ शव उसकी कार में मिला। मृतक की पहचान घमरोज निवासी कंवर पाल उर्फ सोनू (35) के रूप में हुई। सोहना में उसका एक अस्पताल है।पुलिस के मुताबिक, सोनू मंगलवार को आधी रात के आसपास अपने घर से अस्पताल के लिए निकला था।

सीएनजी पर चलने वाली उनकी मारुति सेलेरियो कार में कथित रूप से करीब 2.30 बजे आग लग गई। सुबह जब ग्रामीणों ने जले हुए शव के साथ जली हुई कार देखी तो उन्होंने पुलिस को सूचित किया।

फॉरेंसिक विशेषज्ञ के साथ पुलिस की एक टीम घटनास्थल पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए सोहना जनरल अस्पताल भेजा।पुलिस ने परिवार को सूचना दी तो उन्होंने आरोप लगाया कि यह दुर्घटना नहीं, बल्कि हत्या का मामला है। एक पुलिस अधिकारी ने कहा,



परिवार के सदस्यों का कहना है कि चूंकि कार सड़क के किनारे खड़ी थी, इसलिए यह स्पष्ट है कि किसी ने सोनू की हत्या करके कार में आग लगा दी।एसीपी (क्राइम) प्रीत पाल सांगवान ने कहा, हम सभी एंगल से मामले की जांच कर रहे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो जाएगा। फोरेंसिक टीम घटनास्थल से साक्ष्य जुटा रही है।

## कॉर्पोरेशन बैंक में गार्ड के बंदूक से चली गोली ग्राहक को लगी

**नई दिल्ली** ■ मेट्रो मीडिया

शाहदरा के विवेक विहार स्थित कॉर्पोरेशन बैंक में सोमवार को अचानक गार्ड के बंदूक से गोली चल गई। गोली बैंक में मौजूद ग्राहक 22 वर्षीय शुभम मरवाह को लगी। घायल को तुरंत पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां गंभीर हालत को देखते हुए डॉ. हेडगवार अस्पताल में रेफर कर दिया गया। शुभम की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने केस दर्ज कर गार्ड 50 वर्षीय सौम्य को गिरफ्तार कर लिया है।

घायल शुभम परिवार के साथ विवेक विहार के सी-ब्लॉक में रहते हैं। परिवार में पिता अरविंद मारवाह समेत अन्य सदस्य हैं। सोमवार दोपहर को वह विवेक विहार के बालाजी मंदिर के पास स्थित कॉर्पोरेशन बैंक में किसी काम से गए थे। इस दौरान बैंक में गार्ड सौम्य भी बंदूक लेकर मौजूद था। दोपहर 1:24 बजे अचानक गार्ड सौम्य की बंदूक से गोली चल गई। गोली शुभम के चेहरे पर आंख के पास जाकर लगी। शुभम तुरंत बेहोश होकर गिर गए। सूचना मिलते ही शुभम का भाई मौके पर पहुंचा और उन्हें पुष्पांजलि अस्पताल लेकर गया, जहां गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने डॉ. हेडगवार अस्पताल में रेफर कर दिया।सूचना मिलने के थोड़ी देर बाद पुलिस की टीम भी बैंक पहुंची। पूछताछ के दौरान बैंक मैनेजर अजय ने बताया कि गार्ड ने जान-बूझकर गोली नहीं चलाई। गलती से बंदूक का ट्रिगर दब गया और गोली चल गई। पुलिस ने मौके पर मौजूद गार्ड सौम्य को गिरफ्तार कर लिया और बंदूक को भी कब्जे में ले लिया। आरोपी गार्ड सौम्य गाजियाबाद के शास्त्री नगर इलाके का रहने वाला है।पुलिस शुभम की हालत गंभीर होने के कारण बयान नहीं ले सकी है। पुलिस शुभम की हालत में सुधार होने पर बयान दर्ज करेगी। वहीं पुलिस बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाल रही है।

### डीटीयू में बीटेक दाखिला के लिए पहले चरण की काउंसलिग पूरी

**नई दिल्ली।** ज्वाइंट एडमिशन काउंसलिग के तहत दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीटीयू) में बीटेक में दाखिले के लिए पहले चरण की काउंसलिग पूरी हो चुकी है।डीटीयू में पहले दौर की काउंसलिग में कंप्यूटर इंजीनियरिग में दिल्ली से बाहर के विद्यार्थियों की सामान्य श्रेणी की रैंकिग 1515 तक गई है।

डीटीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने बताया कि पहले चरण में दिल्ली के विद्यार्थियों के लिए डीटीयू में कंप्यूटर इंजीनियरिग में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की रैंकिग (ईडबल्यूएस) 20312, सामान्य श्रेणी की 7017, ओबीसी की 45007, एससी की 94285, एसटी की 327381 व सामान्य श्रेणी के सिगल गर्ल चाइल्ड (जीएनएसजीडी) की रैंकिग 8132 तक गई है।वहीं दिल्ली से बाहर के विद्यार्थियों के लिए कंप्यूटर इंजीनियरिग में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की रैंकिग (ईडबल्यूएस) 2514, सामान्य श्रेणी की 1515, ओबीसी की 6303, एससी की 28845, एसटी की रैंकिग 68935 तक गई है।

## छेड़छाड़ के विरोध पर बदमाशों ने किशोरी के घर पर किया पथराव

**नई दिल्ली** ■ एजेंसियां/डेस्क

मंगोलपुरी इलाके में छेड़छाड़ का विरोध करने पर 10-12 की संख्या में बदमाशों ने किशोरी के घर पर पथराव किया और इलाके में तोड़फोड़ की। बदमाशों के आतंक से लोग अपने घरों में छुप गए और वे सड़क किनारे खड़ी गाड़ियों में तोड़फोड़ करते और लोगों को धमकाते हुए आराम से चले गए। घटना की सीसीटीवी फुटेज वायरल हो गई। पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार किया है, बाकी की तलाश कर रही है।

जानकारी के अनुसार, एफ ब्लॉक निवासी 16 साल की किशोरी सोमवार को अपने भाई के साथ बाजार में इडली खाने के लिए गई थी। इस दौरान ठेले के पास खड़े कुछ युवकों ने किशोरी पर अश्लील टिप्पणी करनी शुरू कर दी। भाई ने विरोध किया तो वे झगड़ा करने लगे। दोनों भाई-बहन झगड़े से बचते हुए अपने घर चले गए।

> ▸ जानकारी के अनुसार, एफ ब्लॉक निवासी 16 साल की किशोरी सोमवार को अपने भाई के साथ बाजार में इडली खाने के लिए गई थी। इस दौरान ठेले के पास खड़े कुछ युवकों ने किशोरी पर अश्लील टिप्पणी करनी शुरू कर दी।


पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना के बाद हमलावरों ने अपने और भी साथियों को बुला लिया। पहले उन्होंने किशोरी के घर पर पथऱाव किया और उसके भाई को जान से मारने की धमकी दी। फिर लौटते समय इलाके में रास्ते में खड़ी लोगों की बाइक और कार को क्षतिग्रस्त कर दिया।

पूरी वारदात मौके पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। वायरल फुटेज में आरोपी युवक लोगों को इशारे से धमकी देते और वाहनों को क्षतिग्रस्त करते हुए नजर आ रहे हैं। उनके डर से लोग सड़क से हटकर घरों में चले जा रहे हैं, जो उनके जाने के बाद ही निकल रहे हैं।

जांच में सामने आया है कि ठेले पर विवाद के बाद आरोपी युवकों ने पीड़िता का पीछा कर उसका घर देखा था। इसके बाद मुख्य आरोपी ने अपने साथियों को जन्मदिन मनाने के बहाने बाजार में बुलाया। जब सभी साथी जमा हो गए तो उन्हें सारी बात बताई। आरोप है कि इसके बाद किशोरी के भाई को जान से मारने के लिए उन्हें अपने साथ लेकर आया। आरोपियों ने किशोरी के घर पर पथराव के बाद लौटते वक्त रास्ते में खड़े वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया।

हमलावरों के चले जाने के बाद पीड़ित परिवार ने घटना की सूचना मंगोलपुरी पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर फुटेज के सहारे तीन युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल अन्य आरोपियों की तलाश में छापेमारी की जा रही है।

## नोएडा सेक्टर-50 मेट्रो स्टेशन का संचालन अब ट्रांसजेंडर करेंगी



**नोएडा** ■ मेट्रो मीडिया

नोएडा मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (एनएमआरसी) ने ट्रांसजेंडर समुदाय को लेकर एक सराहनीय कदम उठाया है। नोएडा सेक्टर-50 मेट्रो स्टेशन को अब ट्रांसजेंडर समुदाय के लोग ही संचालित करेंगे। यानी कि अब ये मेट्रो स्टेशन 'रेनबो स्टेशन' के नाम से जाना जाएगा। मेट्रो स्टेशन पर टिकट काउंटर से लेकर हाउस कीपिंग सर्विस की सारी जिम्मेदारी ट्रांसजेंडर्स (किन्नरों) को दी गई है। वहीं टिकट काउंटर और रिसेप्शन का कामकाज अब दिल्ली निवासी माही गुप्ता ने संभाला है। ये कदम ट्रांसजेंडर को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए उठाया गया है।

एनएमआरसी की इस पहल की खूब चर्चा भी हो रही है। एएमआरसी का कहना है कि ट्रांसजेंडर को भी मुख्यधारा में जोड़ने के लिए इस तरह की पहल की जरूरत है।

बसेरा समाजिक संस्थान की तरफ से दो ट्रांसजेंडर की भर्ती की गई है। इस संस्थान की प्रोग्राम मैनेजर रिजवान अंसारी उर्फ रामकली ने बताया, हमारी तरफ से माही गुप्ता और सूरज (काजल) की भर्ती हुई है। इस पहल को लेकर हम बहुत खुश हैं। हम ऋतु माहेश्वरी जी का धन्यवाद करते हैं।


वहीं उनके द्वारा भी हम लोगों को धन्यवाद दिया गया है और उन्होंने कहा है कि हम आगे भी इसी तरह से भर्ती करते रहेंगे। उन्होंने कहा, यूपी में इस तरह का कदम उठाना बहुत बड़ी बात है, क्योंकि इस पहल की गूंज दूर तक जाएगी।

## मोटरसाइकिल लूट कर भाग रहे बदमाशों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा** ■ मेट्रो मीडिया

उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में पुलिस ने दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया. बदमाश मोटरसाइकिल लूट कर भाग रहे थे. इस दौरान बदमाशों की पुलिस से मुठभेड़ हो गई. मुठभेड़ में बदमाशों को गोली लग गई. जिसके बाद दोनों घायल बदमाशों को अस्पताल ले जाया गया. जहां उनका इलाज हो रहा है. मामला दादरी कोतवाली क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक यहां राजधानी दिल्ली से सटे ग्रेटर नोएडा में ईस्टर्न पेरीफेरल हाईवे पर एक बार फिर बदमाशों ने मोटरसाइकिल लूट



ली. शातिर बदमाश बुलेट मोटरसाइकिल लूट की घटना को अंजाम देकर भाग रहे थे. इसी दौरान दादरी पुलिस ने चारों तरफ नाकाबंदी कर उन्हें रुकने को कहा. इस दौरान पुलिस की मुठभेड़ हो गई।मुठभेड़ में पकड़े गए दोनों शातिर किस्म के लुटेरे बताए जा रहे हैं. इन पर लगभग दर्जनभर लूटपाट और चोरी के मुकदमे दर्ज हैं. दोनों पकड़े गए बदमाशों की पहचान साबिर और नाजिम के रूप में हुई है. इनमें से साबिर शातिर किस्म का लुटेरा ह। यह गैंग बनाकर अपने साथियों के साथ लूटपाट की घटनाओं को अंजाम देकर वापस बुलंदशहर चला जाता है।पुलिस ने शातिर बदमाशों के पास से लूटी हुई बुलेट मोटरसाइकिल और दो अवैध तमंचे तथा जिंदा कारतूस बरामद किए ह।डीसीपी राजेश सिंह ने बताया कि बदमाशों ने हथियार के बल पर एक युवक से मोटरसाइकिल लूट की घटना को अंजाम दिया था।जिसके बाद पुलिस ने चारों तरफ़ नाकाबंदी कर उन्हें धर दबोचा और कुछ ही देर में लूट की घटना का खुलासा कर लुटेरों से मोटरसाइकिल बरामद कर ली।

### डीसी ने किया वन स्टाप सेंटर का उद्घाटन

**फरीदाबाद।** नागरिक अस्पताल के प्रागंण में बने वन स्टाप सेंटर का उपायुक्त यशपाल यादव ने उद्घाटन किया। इसका निर्माण महिला एवं बाल विकास विभाग ने करवाया है।

यशपाल यादव ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है। इसके लिए आमजन को भी सजग नागरिक की भूमिका निभानी होगी। उन्होंने बताया कि इस सेंटर में महिलाओं से संबंधित दुर्व्यवहार के मामलों में कानूनी परामर्श, मनोवैज्ञानिक परामर्श, मुफ्त कानूनी सहायता, चिकित्सा सुविधा, रहने के लिए अस्थायी आवास और खाने की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। भवन के निर्माण में 30 लाख रुपये की लागत आई है।


## एटीएम कार्ड की क्लोनिंग कर करोड़ो की धोखाधड़ी करने वाले दो विदेशी गिरफ्तार

**नोएडा** ■ मेट्रो मीडिया

उत्तर प्रदेश की नोएडा पुलिस ने एटीएम कार्ड की क्लोनिंग कर करोड़ो रुपये की धोखाधड़ी करने वाले दो विदेशी शातिर बदमाशों को आज गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।पुलिस प्रवक्ता ने यहां यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि नोएडा की साईबर क्राइम टीम ने बुधवार को सूचना के आधार पर कासा ग्रान्ड सोसाइटी सेक्टर आई-5 ग्रेटर नोएडा के पास से नाईजीरिया निवासी ओमोन बेन्सन ओगबीडे और केन्या निवासी जोनसन उसरो को गिरफ्तार किया गया। दोनों नोएडा में अलग-अलग -फ्लैट में रहे थे।

उन्होंने बताया कि गिरफ्तार जालसाजों के कब्जे से 96 रीराइटेबल एटीएम कार्ड, 02 कार्ड क्लोनिंग माडयूल, 02 लैपटाप, 07 मोबाइल फोन, 02 पिनहोल कैमरा, 03 पिनहोल कैमरा बैटरी, 01 डेटाकार्ड, 02 पेनड्राइव, 01 मेमोरी कार्ड, 17 सीट डेबिट कार्ड का



डाटा, इलेक्ट्रानिक उपकरण व 10,000 रू0 नगद बरामद हुये।उन्होंने बताया कि कि गिरफ्तार आरोपी शातिर किस्म के अपराधी है, जो एटीएम कार्ड क्लोनिंग कर एटीएम से अवैध रूप से पैसे निकाल लेते है। उक्त के संबंध में कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद के विभिन्न थानों पर 13 अभियोग पंजीकृत है। इस संबंध में नोएडा पुलिस द्वारा विधिक कार्रवाई की जा रही है।

**मेट्रो मीडिया**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक ख्वाजा सुहैल जलील द्वारा विवेक पब्लिशर्स A-16 सेक्टर 7 नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर (उ.प्र.) से मुद्रित एंव T-61 जंगपुरा भोगल रोड, भोगल, नई दिल्ली -110014 से प्रकाशित।

**प्रमुख संपादक**
अरशद फरीदी

**समाचार संपादक**
*राजेश शर्मा

R.N.I.No.-DELHIN/2007/23449
फोन नं: 01143714063,01143522546
ईमेल: metromediadainik@gmail.com

*सभी खबरों के चयन एंव सम्पादन के लिए PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
सभी विवादो का निपटारा नई दिल्ली स्थित न्यायालय के अंतर्गत होगा।

**Morning Glory Leasing & Finance Limited**
CIN: L67120DL1984PLC018872
Regd. Off: Iris House, 16, Business Centre, Nangal Raya, New Delhi- 110046
Email: morninggloryleasing@gmail.com
Website: www.morninggloryleasing.in
Tel. No.: +91 11 47119100

**NOTICE**

NOTICE is hereby given that, pursuant to Regulation 47(1) of Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, that the meeting of the Board of the Directors of the Company will be held on Thursday, 05th November, 2020 at Registered office of the Company, to inter-alia, consider and approve the Un-audited Financial Results for the Quarter/half year ended 30.09.2020.

Further, details of this notice are available on Website of the company at www.morninggloryleasing.in and also on the Website of MSEI Ltd. (www.msei.in).

For Morning Glory Leasing & Finance Ltd.
Sd/-
Payal Madaan
Company Secretary cum Compliance Officer
Date: 28.10.2020
Place: New Delhi

**JAIN TUBE COMPANY LIMITED**
(CIN NO. L25111DL1964PLC004235)
REGD. OFFICE : B- 292, Office No. 303, Third Floor, Chandra Kanta Complex, New Ashok Nagar, Delhi-110096
E-Mail ID - jaintubesindia@gmail.com,
Website : www.jaintubes.in
Mobile: 7428860315

**NOTICE**

Notice is hereby given in terms of Regulation 29 read with Regulation 47 of SEBI (LODR) Regulations, 2015, the meeting of the Board of Directors of the Company will be held at New Delhi on **Monday, 9th November, 2020** interalia, to consider and approve the Unaudited Financial Results of the Company for the Quarter and half year ended **30th September, 2020.**

This notice is also available on the website of the Company and Stock Exchange where the equity shares of the Company are listed viz. www.jaintubes.in and www.cse-india.com respectively.

For Jain Tube Company Limited
Sd/-
Sushil Jain
Director
Place : New Delhi
Dated : 28.10.2020

**GALLANTT**
**GALLANTT METAL LIMITED**
Regd. Office: "GALLANTT HOUSE", I-7, Jangpura Extension, New Delhi – 110014
Telefax: 011-45048767; www. gallantt.com; E-mail: csgml@gallantt.com;
CIN: L27109DL2005PLC350524

**NOTICE OF BOARD MEETING**

Notice is hereby given pursuant to Regulation 29 read with Regulation 33 and 47of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, that a meeting of the Board of Directors of the Company will be held on Wednesday, November 4, 2020 at 12.30 P.M. inter alia, to transact the following important business:

1. To consider and approve the Unaudited Standalone and Consolidated Financial Results for the Quarter and Half Year ended 30th September 2020 along with Limited Review Report of Statutory Auditor.

For GALLANTT METAL LIMITED
Sd/-
Arnab Banerji
COMPANY SECRETARY
M. No. A59335
Place: New Delhi
Date: 28-10-2020

**GALLANTT**
**GALLANTT ISPAT LIMITED**
Regd. Office: "GALLANTT HOUSE", I-7, Jangpura Extension, New Delhi – 110014.
Telefax: 011-41645392; www.gallantt.com; E-mail: nitesh@gallantt.com;
CIN: L27109DL2005PLC350523

**NOTICE OF BOARD MEETING**

Notice is hereby given pursuant to Regulation 29 read with Regulation 33 and 47of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, that a meeting of the Board of Directors of the Company will be held on Wednesday, November 4, 2020 at 4.30 P.M. inter alia, to transact the following important business:

1. To consider and approve the Unaudited Standalone and Consolidated Financial Results for the Quarter and Half Year ended 30th September, 2020 along with Limited Review Report of Statutory Auditor.

For GALLANTT ISPAT LIMITED
Sd/-
Nitesh Kumar
COMPANY SECRETARY
M. No. F7496
Place: New Delhi
Date: 28-10-2020